**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Regarding further education of Ukraine-returnee medical students in Indian Medical Colleges.-Laid

**श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़)**: देश में मेडिकल शिक्षा दूसरे देशों के मुकाबले बहुत महंगी है इसलिए हर वर्ष हज़ारों छात्र मेडिकल शिक्षा लेने हेतु विदेशों में जाते है । सरकार को मेडिकल शिक्षा सस्ती करने हेतु सख्त कदम उठाने चाहिए है । जनसंख्या के हिसाब से देश में डॉक्टरों की बहुत ज्यादा कमी है । हर वर्ष जितने डॉक्टर देश को मिलने चाहिए उससे भी कई गुना कम डॉक्टर निकलते है । और जो निकलते है उनमे से भी बहुत से विदेशो में चले जाते है । हाल ही में रूस-युक्रेन युद्ध के बाद हज़ारों की संख्या में मेडिकल छात्र आखिरी साल से लेकर पहले साल तक अपने देश आए है । इन छात्रों के माता-पिता ने लाखों रुपए खर्च कर इन्हें बाहर पढ़ने के लिए भेजा था । लेकिन युद्ध के बाद हालात सभी के सामने है । सरकार ने आखिरी साल वालों को यहाँ एडजस्ट करने की बात की है लेकिन जो हज़ारों छात्र पहले-दूसरे-तीसरे साल में पढ़ाई कर रहे हैं उनके बारे में क्या सोचा है? सरकार को इन सभी छात्रों को अपने देश के मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ाकर इन सभी छात्रों को अडजस्ट करना चाहिए । ताकि इन छात्रों की सालें बर्बाद न हो और इनके माता-पिता की सालों की कमाईं भी बर्बाद होने से बच सके ।